तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 11. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 19 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

नगर के बीचोबीच स्थित रेलवे क्रासिंग पार करना किसी सजा से कम नहीं
4



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार 19 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक पेरेनियल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र उपस्थित रहेगें। पेरेनियल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र द्वारा डी.जी. आपरेटर के 20 पदों पर भर्ती की जायेगी उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता आईटीआई डीजल मैकेनिक अथवा इलेक्ट्रिशियन उत्तीर्ण निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 13000-15000 रु. व अन्य भत्ता प्रतिमाह दिया जावेगा। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित आवेदको का कार्यक्षेत्र एसईसीएल बिलासपुर रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ व जिला रोजगार कार्यालय का रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। रोजगार पंजीयन के अभाव में प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेना संभव नहीं है। निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा आज से

**बहेराडीह।** गुप्त नवरात्रि के पावन पर्व पर मां नवदुर्गा मंदिर प्रांगण बाजार चौक सिवनी में श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन 19 जनवरी से 28 जनवरी तक किया गया है। सोमवार 19 जनवरी को दुर्गा मंदिर बाजार चौक सिवनी से सुबह 9 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगा, जो देवी चौक होते हुए करवार तालाब पहुंचेगी। यहां से जल भरने के पश्चात अमहापारा-बजरंग चौक होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचेगी। दुर्गा मंदिर प्रबंध समिति ने सभी ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### निर्वाचन कार्यक्रम में शामिल होने चंदेल हुए दिल्ली रवाना

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल शनिवार को दिल्ली रवाना हुये। वे 19 व 20 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रस्तावक के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश से शामिल किये गये है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन प्रक्रिया में छ.ग. प्रदेश से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित 20 वरिष्ठ नेतागण शामिल किये गये है इसमें पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल भी शामिल है।

### नाग लीला, कृष्ण लीला और मेला महोत्सव आज से

**बिर्रा।** गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के रामसागर डोंगिया तालाब में सोमवार 19 जनवरी को श्री कृष्ण रासलीला मंडली समिति मल्दा के तत्वाधान में भव्य नागलीला एवं मेला महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस संबंध में गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के समाज सेवक लखन लाल कश्यप ने बताया कि नाग लीला मेला महोत्सव का शुभारंभ 19 जनवरी को किया जाएगा। नाग लीला प्रत्येक दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रामसागर डोंगिया तालाब में कार्यक्रम होगा। रात्रि कालीन में प्रत्येक दिन रात्रि 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक श्री कृष्ण लीला का आयोजन भी रखा गया है। यह आयोजन रविवार 25 जनवरी तक चलेगा। ग्राम वासियों के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है।

### ग्राम पंचायतों में दर्ज नहीं की जा रही पलायन पंजी

# रोजी-रोटी के लिए ग्रामीणों के परदेस जाने का शुरु हो गया सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले से हर साल बड़ी तदाद में ग्रामीण क्षेत्र से मजदूरों का दिगर राज्यों में पलायन होता है। कृषि कार्य संपन्न होने के बाद पलायन का सिलसिला शुरु हो चुका है। इधर ग्राम पंचायत में इसकी जानकारी नहीं होती और नहीं पलायन करने वालों की कोई सूची तैयार की जाती है, जिसके कारण किसी तरह की दुर्घटना हो जाने पर इसकी समुचित जानकारी नहीं मिल पाती।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के कई लोग अपने रोजी-रोटी की तलाश में कमाने खाने के लिए दूसरे राज्य पलायन कर जाते हैं। लोगों की पलायन करने की सूचना संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव के द्वारा पलायन करने वालों की सूची तैयार की जानी है लेकिन इस तरह की गतिविधियां ग्राम पंचायत में नजर नहीं आ रही है। जिले में 334 ग्राम पंचायत एवं 390 से अधिक गांव की संख्या है। इन गांव में रहने वाले कई लोग कमाने खाने के लिए दूसरे राज्य चले जाते हैं, जहां काम करने के लिए जाते हैं, उनमें प्रमुख रूप से जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की ओर ग्रामीण क्षेत्र के लोग कमाने के लिए चले जाते हैं। इस चक्कर में कई बार कई तरह की दुर्घटनाएं हो जाती है। इस बीच मजदूरों की वास्तविक स्थिति एवं निवास को लेकर कई तरह की समस्याएं आती है। इस बात को ध्यान में रखकर पंचायत में पलायन पंजी बनाया जाना जरूरी है, लेकिन इस तरह की गतिविधियां ग्राम पंचायत में नजर नहीं आ रही है। धान की फसल बेचने के बाद कई मजदूर वर्ग के लोग काम की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन भी कर रहे हैं, लेकिन इसकी वास्तविक स्थिति पता नहीं चल पा रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक जिले के 1 लाख 12 हजार से भी अधिक लोग अन्य राज्यों में जाकर मजदूरी समेत अन्य कार्यों को लेकर काम करते हैं, लेकिन इनकी वास्तविक स्थिति एवं आंकड़ा की समुचित जानकारी नहीं मिल पा रही है, जबकि इस तरह की जानकारी सभी ग्राम पंचायत में अनिवार्य रूप से रखने के आदेश भी जारी किए जा चुके हैं।



#### पलायन पर कार्रवाई ठंडे बस्ते में

जांजगीर, चांपा एवं अकलतरा रेलवे स्टेशनों में अभियान चला कर श्रम विभाग की टीम द्वारा पलायन करने वाले लोगों को रोकने की कार्यवाही करीब 2 साल पहले की गई थी। इसके बाद किसी तरह की गतिविधियां नजर नहीं आ रही है, जिसके कारण जिले में पलायन नहीं रुक पा रहा है। मनरेगा की जगह अब केंद्र सरकार के द्वारा मजदूरों को ग्रामीण क्षेत्र में काम देने के उद्देश्य से जी राम जी योजना की शुरुआत की गई है, लेकिन देखा जाए तो तमाम तरह की योजनाओं का संचालन होने के बाद भी जांजगीर चांपा जिले में पलायन का सिलसिला कम नहीं हो रहा है।

#### जारी किए हैं निर्देश

गांव से पलायन करने वाले लोगों की सूची तैयार रखना संबंधित सचिवों को निर्देशित किया गया है। किसी तरह की लापरवाही के मामले सामने आने पर नियमों की तहत कार्यवाही भी की जाएगी।

-अभिमन्यु साहू,
उपसंचालक
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
जांजगीर-चांपा

# दो राईस मिल में दबिश 14 करोड़ का धान जब्त

### कस्टम मिलिंग के चावल की भी हुई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के दो राईस मिल में प्रशासन की टीम ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मिल में अनियमितता पाई गई। टीम ने 14 करोड़ से अधिक का धान जब्त किया है। वहीं कस्टम मिलिंग के चावल की भी जब्ती की गई है।

राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच एवं छापेमार कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि 17 जनवरी को केरा स्थित राइस मिल से चावल के अवैध परिवहन की सूचना पर राछा चौक, नवागढ़ में ट्रक क्रमांक सीजी 11बीके 7802 को रोका गया। जांच के दौरान ट्रक में 580 बोरा चावल (कुल वजन 290 क्विंटल) भरा पाया गया, जिस पर विष्णु एग्रो मिलिंग इंडस्ट्रीज, सेमरा का टैग लगा हुआ था। चालक द्वारा परिवहन से संबंधित कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के उल्लंघन के कारण उक्त ट्रक (अनुमानित मूल्य 18 लाख रुपए) एवं उसमें भरे 290 क्विंटल चावल (अनुमानित मूल्य 8.70 लाख रुपए) को जब्त कर पुलिस थाना नवागढ़ की अभिरक्षा में सौंपा गया। साथ ही 17 जनवरी को ही सेमरा स्थित विष्णु एग्रो मिलिंग इंडस्ट्रीज में जांच की गई। जांच में दस्तावेजों में अनियमितता एवं स्टॉक में गड़बड़ी पाए जाने पर मिल के प्रोपराइटर पंकज देवांगन के कब्जे से 92,607 बोरा धान (वजन 37,042.80 क्विंटल), अनुमानित मूल्य 8.51 करोड़ रुपए, जब्त किया गया। प्रकरण में केरा स्थित स्वस्तिक राइस मिल की संलिप्तता पाए जाने पर 18 जनवरी को संयुक्त टीम द्वारा उक्त मिल की भी जांच की गई। जांच में घोषित स्टॉक की तुलना में 278 क्विंटल धान कम पाया गया तथा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर मिल के पार्टनर अनुभव देवांगन के कब्जे से 62,325 बोरा धान (वजन 24,930 क्विंटल) अनुमानित मूल्य 5.73 करोड़ रुपए तथा 50 क्विंटल चावल अनुमानित मूल्य 1.50 लाख रुपए जब्त किया गया।संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है।



राईस मिल में कार्रवाई करती टीम।

### अवैध परिवहन करते पकड़ा गया 40 क्विंटल धान

**सक्ती।** राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रविवार को धान के अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई की गई। तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम बासिनपाट में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए 100 बोरी (40 क्विंटल) धान सुनील पटेल के कब्जे से जप्त किया गया। संबंधित वाहन को जब्त कर सुरक्षार्थ थाना नगरदा में सुपुर्द किया गया है तथा प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में तहसीलदार सक्ती विद्याभूषण साव, मंडी सचिव प्रेम कुमार भारद्वाज एवं मंडी निरीक्षक ओम गोड उपस्थित रहे। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने स्पष्ट कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि के दौरान अवैध परिवहन एवं भंडारण के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

## महज कागजों में बंट रहा बच्चों का पोषण आहार




हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

बम्हनीडीह ब्लॉक के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को वितरण किए जाने वाला पोषण आहार सिर्फ कागजों में बंट रहा है, जिसके कारण बच्चों को योजना का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है।

शासन की मंशा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार मिले, लेकिन बम्हनीडीह परियोजना में यह योजना महज कागजों में संचालित हो रहा है। रेडी टू ईट फूड का वितरण बच्चों में समुचित रुप से नहीं हो पा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वितरण कंपनी समय पर सामग्री की आपूर्ति नहीं कर रही है। हैरानी की बात यह है कि रेडी टू ईट फूड के पैकेट वितरण करने के बजाय, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रति किलो के हिसाब से पावती पर हस्ताक्षर करवा लिए जा रहे हैं। यानी रजिस्टर में स्टॉक फुल दिखाया जा रहा है, जबकि असलियत में बच्चों की थाली खाली है।

#### ली जाएगी जानकारी

बच्चों को वितरण किए जाने वाले पोषण आहार यदि उनके पास तक नहीं पहुंच पा रहा है तो इस बात की जानकारी ली जाएगी।

-ऋचा तिवारी,
परियोजना अधिकारी बम्हनीडीह

### आजीविका ऋण मेले में 9 करोड़ से अधिक का लोन स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के शासकीय हाई स्कूल भवन ग्राम पंचायत कपिस्दा में आजीविका ऋण मेला एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों और युवाओं, ग्रामीणों स्व सहायता समूह की महिलाओं को लाभान्वित किया गया। आजीविका ऋण मेला में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 311 ऋण प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनके माध्यम से 9 करोड़ 73 लाख रुपये से अधिक की ऋण राशि स्वीकृत की गई है। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत आयोजित आजीविका ऋण मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों एवं पात्र हितग्राहियों को बैंक ऋण से जोड़ते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कुल 311 प्रकरणों को स्वीकृत करते हुए 9 करोड़ 73 लाख 94 हजार रुपये की ऋण राशि प्रदान की गई। ऋण मेला के दौरान हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति आदेश की प्रतियां वितरित की गईं।

## दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। इस साल इन परीक्षाओं में 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे वही एग्जाम को लेकर जिले में 75 केंद्र बनाए गए हैं।

■ **जिले में एग्जाम को लेकर बनाए गए 75 केंद्र**

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा हर साल 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाती है। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा फरवरी एवं मार्च महीने के दौरान आयोजित किया जाना है। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दसवीं बोर्ड परीक्षा में इस साल 14 हजार 210 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 12 हजार 520 छात्र शामिल होंगे। टोटल देखा जाए तो दोनों बोर्ड परीक्षा में करीब 26 हजार 730 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे, वहीं एग्जाम को लेकर जांजगीर चांपा जिले में 75 केंद्र भी बनाएं गए हैं। इधर बोर्ड परीक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रारंभिक स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रमुख रूप से हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भौतिक, रसायन जीव विज्ञान, कला एवं कॉमर्स से जुड़े प्रमुख विषयों की परीक्षा आयोजित की जाती है। बोर्ड परीक्षा फरवरी महीने के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होती है जो मार्च महीने के आखिरी सप्ताह तक चलता है। इधर बोर्ड परीक्षा को लेकर भी दसवीं एवं 12वीं के छात्रों के द्वारा पढ़ाई लिखाई प्रारंभ कर दी गई है ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। बोर्ड परीक्षा को लेकर केंद्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था एवं टेबल एवं बेंच की समुचित व्यवस्था भी की जानी रहती है। इसे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी प्रारंभिक स्तर पर तैयारी प्रारंभ कर दिए हैं, वही बोर्ड परीक्षा को लेकर संबंधित केदो में केंद्र अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर भी बैठकों का दौर शुरू हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम के द्वारा विभिन्न केंद्र का निरीक्षण कर बोर्ड परीक्षा को लेकर निर्देश भी दिए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा का कहना है कि 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इस साल 26 हजार से अधिक परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे वहीं इसके लिए करीब 75 केंद्र भी बनाए गए हैं।



### आकस्मिक मृत्यु के 2 प्रकरणों में 8 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** आपदा मृत्यु के 2 प्रकरणों में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले की तहसील जांजगीर के ग्राम भैंसदा निवासी गुनित गढ़ेवाल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता रामशंकर गढ़ेवाल एवं तहसील पामगढ़ के ग्राम पकरिया निवासी श्रीमती मीराबाई सोनी की आकाशीय बिजली गिरने की घटना में कच्चे मकान की दीवार गिरने से दबकर मृत्यु होने के कारण उनके पुत्र शम्भू प्रसाद सोनी को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।



पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

### क्राइम मीटिंग लेकर जिले के सभी थाना प्रभारियों को दिए दिशा-निर्देश

# अपराध नियंत्रण के लिए अवैध काम पर नकेल कसने एसपी ने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कानून व्यवस्था सुदढ़ बनाए रखने एसपी ने रविवार को क्राइम मीटिंग ली। इस दौरान सभी थाना और चौकी प्रभारियों के वर्क प्लान और अपराध की समीक्षा की गई। एसपी ने अपराध नियंत्रण के लिए अवैध कार्यों पर नकेल कसने की हिदायत दी।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर के सभा कक्ष में रविवार 18 जनवरी को जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों का पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय द्वारा अपराध समीक्षा बैठक आहुत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले की कानून-व्यवस्था की गहन समीक्षा करते हुए फरार आरोपियों की शीघ्र धरपकड़ सुनिश्चित करने, डीजल चोरी, अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जुआ -सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त एवं सतत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने -अपने क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, लंबित मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने एवं आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास बनाए रखने हेतु संवेदनशील एवं जिम्मेदार पुलिसिंग करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए आवश्यकतानुसार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए तथा सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत किया जाए। फरार आरोपियों की शीघ्र धरपकड़ सुनिश्चित करने, डीजल चोरी, अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने, जुआ -सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त एवं सतत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। लंबित अपराध/शिकायत, मर्ग प्रकरणों को गंभीरता से जांच करते हुए निराकरण करना, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिले में अपराध नियंत्रण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिटिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी, राजेंद्र श्रीवास्तव, अश्वनी राठौर, कृष्ण साहू एवं जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहें।



बैठक में थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक।

## रातभर अभियान चलाकर पुलिस ने एक साथ 56 वारंटियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने बीती रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त और विशेष दबिश अभियान चलाकर 56 फरार वारंटियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान 34 गिरफ्तारी वारंटी एवं 22 स्थाई वारंटी पकड़े गए। वहीं थाना चांपा क्षेत्र में डकैती के एक मामले में पिछले दो वर्षों से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटियों को भी पुलिस ने धर दबोच लिया, जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के तहत थाना जांजगीर से 12 गिरफ्तारी वारंटी व 2 स्थाई वारंटी, चौकी नैला से 2 गिरफ्तारी वारंटी, थाना बलौदा से 1 गिरफ्तारी व 4 स्थाई वारंटी, थाना अकलतरा से 3 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी, थाना मुलमुला से 1 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी, थाना पामगढ़ से 3 स्थाई वारंटी, थाना नवागढ़ से 6 गिरफ्तारी वारंटी, थाना शिवरीनारायण से 3 गिरफ्तारी व 5 स्थाई वारंटी, थाना चांपा से 3 गिरफ्तारी व 4 स्थाई वारंटी, थाना बम्हनीडीह से 1 स्थाई वारंटी, थाना बिर्रा से 1 गिरफ्तारी व 1 स्थाई वारंटी तथा कोटमीसोनार से 2 गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। रातभर चले इस विशेष अभियान में जिले के सभी संबंधित थाना प्रभारियों, अनुविभागीय अधिकारियों एवं पुलिस बल ने पूरी मुस्तैदी और सतर्कता के साथ कार्य किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप में मिली खामी की गई सील

**कोरबा।** जिले के पसान में स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में एक सप्ताह पहले टीम पंप का निरिक्षण किया टीम ने पेट्रोल पंप की जांच करने के बाद सील कर दिया गया है। जांच टीम को निरीक्षण के दौरान पेट्रोल टंकी में कई तकनीकी और नियमों से जुड़ी खामियां मिलीं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।जानकारी के अनुसार, उपभोक्ता हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह औचक जांच की थी। जांच में मापदंडों के उल्लंघन और आवश्यक दस्तावेजों में गड़बड़ी सामने आने पर पेट्रोल पंप को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य पेट्रोल पंप संचालकों में भी हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल पंपों की गुणवत्ता, माप और सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, और भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे।

### कालीबाड़ी तिराहा से हेलीपेड मार्ग में परेशान कर रहे गड्ढे

**कोरबा।** हजारों की संख्या में लोग सुभाष ब्लॉक मुख्य मार्ग से आवागमन करते हैं उस पर गड्ढे परेशानी का कारण बने हुए हैं। अब तक सुधार को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं ली गई है। पिछले वर्ष इस सडक़ की दुर्गति को ठीक करने के लिए एसईसीएल ने पैच वर्क कराया था। इस पर काफी राशि खर्च की गई लेकिन निगरानी करने की जरूरत नहीं समझी गई। नतीजा यह हुआ कि कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी ने मनमानी तरीके से सडक़ की रिपेयरिंग करने के साथ कंपनी से बिल वसूल कर लिया। कुछ दिन के बाद सडक़ की स्थिति जस की तस हो गई। वर्तमान में इस मार्ग में जहां-तहां छोटे-बड़े गड्ढे की उपस्थिति के कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत है कि एसईसीएल में सिविल मेंटेनेंस से संबंधित कामकाज भारी मार्जिन पर होते हैं। अधिकारियों को ठेकेदार से कमीशन में ज्यादा रुचि होती है इसलिए वह ऐसे कार्यों की गुणवत्ता और इसके टिकाऊ पान को लेकर बहुत ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाते हैं। सडक़ों की दुर्गति के पीछे सबसे ठोस कारण यही बताया जाता है। दूसरी तरफ निगम के द्वारा कोरबा की कुछ सडक़ों में आंशिक सुधार कार्य करने के बाद बंद कर दिया गया है। इसलिए पहले से बनी हुई परेशानियां अभी भी कायम है।

### बीकेजेएसएम की बैठक में शामिल होंगे विनोद, कार्यकारिणी का होगा विस्तार



**कटघोरा।** भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष के निर्वाचन उपरांत शेष प्रबंधकारिणी एवं कार्यकारिणी के गठन हेतु 19 जनवरी को दिल्ली के एलिगेंट होटल में अत्यावश्यक बैठक में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से विनोद जायसवाल, रायगढ़ से विजय जायसवाल एवं डमरूधर जायसवाल रवाना हो चुके है। देशभर के 19 राज्यों के पदाधिकारियों के गहन मंथन के उपरांत राष्ट्रीय कार्यकारणी की नई लिस्ट जारी की जाएगी।

### प्रियांशी का डांस रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका में चयन



**गेवरा दीपका।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल झाबर दीपका की कक्षा 9वी कि छात्रा प्रियांशी आयाम का छत्तीसगढ़ का पहला डांस रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका में चयन हुआ। इनके डांस ग्रुप का नाम आइडल डांस ग्रुप कोरबा है जो ऑडीशन में सफलता प्राप्त कर अंतिम टॉप 20 में जगहा बनाई। विद्यालय की प्राचार्य ममता मनहर संचालय आरएस मनहर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकायों ने छात्रा प्रियांशी आयाम और उनके डांस ग्रुप को आइडल डांस ग्रुप कोरबा को बेहतरीन प्रदर्शन कर रियलिटी शो छत्तीसगढ़ी ठुमका को जीत के लिए कामना किये।

# बांकीमोंगरा के विकास को मिलेगी नई गति, आंगनबाड़ी व डेली सब्जी मार्केट का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

अलग खबर

क्षेत्रीय विकास और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए बांकीमोंगरा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की झड़ी लग गई है। शुक्रवार को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और बांकीमोंगरा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा की उपस्थिति में भूमिपूजन हुआ। इसमें विशेष रूप से बच्चों के लिए अत्याधुनिक आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण और स्थानीय लोगों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए बांकीमोंगरा के डेली सब्जी मार्केट का जीर्णोद्धार शामिल है।

बांकीमोंगरा स्थित डेली सब्जी मार्केट अब नए स्वरूप में नजर आएगा। व्यापारियों और ग्राहकों की सुविधा के लिए यहाँ बेहतर शेड, पक्की फर्श और ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण किया जाएगा, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली कीचड़ की समस्या से मुक्ति मिलेगी। वहीं बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न वार्डों में नए आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारशिला रखी गई है। भूमिपूजन के दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, "सब्जी मार्केट के व्यवस्थित होने से छोटे व्यापारियों को सम्मानजनक स्थान मिलेगा और ग्राहकों को भी सुविधा होगी। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास ने कहा कि परिषद क्षेत्र के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य और समय सीमा के भीतर निर्माण पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। लंबे समय से अधूरी पड़ी इन मांगों के पूरे होने पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने खुशी जाहिर की है। इस शुभ अवसर पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, बांकीमोंगरा पालिका मुख्य पालिका अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, विधायक प्रतिनिधि लक्खू शर्मा,पार्षद राज कुमार मिश्रा, रम्भा कंवर, अश्वनी मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, मंडल मंत्री रितेश अग्रवाल, गौरी केंवट, इनायत तुल्ला, संजय दास, जवाली मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार, प्रेस क्लब अध्यक्ष निशांत झा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, व्यापारीगण व आसपास के क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

**विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन**



**खास बातें**

- पक्की फर्श और ड्रेनेज सिस्टम का होगा निर्माण
- बरसात में कीचड़ से मिलेगी मुक्ति

## मरीजों को उपचार के दौरान उठानी पड़ती है परेशानी

# रेफरल सेंटर बना एसईसीएल का मेन हॉस्पिटल, संसाधन और स्टाफ में कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुड़ापार स्थित एसईसीएल मेन हॉस्पिटल एक तरह से रेफरल सेंटर बनकर रह गया है। कर्मचारी और उनके परिजनों को सामान्य सुविधा ही इस नाम के बड़े अस्पताल से मिल रही हैं और बाकी का दायित्व इम्पेनल हॉस्पिटल पर छोड़ दिया गया है। मौजूदा व्यवस्था में मरीज को सुविधा नहीं मिल रही हैं बल्कि इस नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

कुछ वर्ष पहले तक एसईसीएल ने कोरबा के इस अस्पताल को सेंट्रल हॉस्पिटल का नाम दिया था लेकिन अब यहां मेंन हॉस्पिटल का बोर्ड लग गया है। इसके अंतर्गत कुछ रीजनल और डिस्पेंसरी संचालित हो रही है। लेकिन कहीं भी मरीज को भर्ती करने की व्यवस्था नहीं की गई है। अधिकांश मामलों में मरीजों का परीक्षण करने के साथ सीधे स्थानीय या बाहर के अस्पताल को रेफर करना ही है। कोरबा स्थित अस्पताल में 14 विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना की गई है इसमें सीएमओ के अलावा तीन से ज्यादा डिप्टी सीएमओ और कुछ सीएमएस भी हैं। इनके अतिरिक्त मेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारी उपलब्ध कराए गए हैं खबर के अनुसार लगभग 80 की संख्या में ही कर्मचारी अब इस बड़े भारी अस्पताल में शेष रह गए हैं। जबकि बीते वर्षों में दोगुनी के लगभग थी। वर्तमान स्थिति में संसाधनों का ग्राफ कम हो गया है और स्टाफ भी। सामान्य सुविधाओं तक ही इस हॉस्पिटल को सीमित कर दिया गया है। जिले में ही बालको जैसी कंपनी ने अपने पुराने अस्पताल को अपग्रेड करने के साथ बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई है और कर्मचारियों के साथ-साथ गैर कर्मियों के मामले में सहूलियत देना शुरू किया है। इसके ठीक उल्टे एसईसीएल का ध्यान अपने मरीज का उपचार विभागीय अस्पताल के बजाय निजी अस्पतालों में करने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने की तरफ ज्यादा है। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि जब अपने मरीज को दूसरे अस्पतालों के भरोसे ही ट्रीटमेंट देना है तो फिर मेडिकल स्टाफ को कम्पनी क्यों रखे हुए हैं?




फाइल फोटो

**खाली पड़ें हैं वार्ड**

कंपनी ने अस्पताल का स्वरूप ही रेफरल सेंटर के तौर पर बना दिया है तो मरीज के यहां टिकने का सवाल ही नहीं। इसलिए कोरबा के इस बड़े अस्पताल में महिला और पुरुष वार्ड लगभग खाली पड़े हैं। विशेष मामलों के लिए केबिन की व्यवस्था की गई है और वहां भी इक्का दुक्का मरीज नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि ओपीडी की सुविधा मरीज को प्राप्त हो रही है और आईपीडी के मामले में सीधे रेफर करना है। कहा तो यह भी जा रहा है कि निजी अस्पतालों में रेफर करने पर भी डॉक्टर के लिए काफी अच्छी संभावना होती हैं। इसलिए यह मामला उनके लिए बहुत ही सुविधाजनक होता है।

## एचटीपीएस ने विद्युतगृह स्कूल के बच्चों का कराया सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2 गुणा 660 मेगावाट विद्युत संयंत्र के समीपस्थ गांवों के विद्यार्थियों के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से दो दिवसीय सेमिनार व कॅरियर काउंसिलिंग कराया गया। छग. स्टेट पावर जनरेशन कंपनी निगमित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी, हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के समीपस्थ 11 गांवों में सीईआर के कार्यों को विस्तारित कर रही है। विद्युत गृह हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक-2 दर्री में 15 एवं 16 जनवरी को दो दिवसीय सेमिनार एवं कॅरियर काउंसिलिंग आयोजित की गई। इसमें एचटीपीएस के समीपस्थ ग्राम नवागांव-कला, छिरहुट, अध्योध्यापुरी, रामनगर एवं राजीवनगर के स्कूली बच्चे लाभान्वित हुए। यह आयोजन मुख्य अभियंता एचके. सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके. गुप्ता के निर्देशन में प्रशिक्षण विभाग द्वारा कराया गया। सिपेट कोरबा के प्रशिक्षकों की टीम में रजनीश पांडेय, महेश तुड्डु नीतीश कुमार शामिल रहे। प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा के लिए विषय चयन, स्नातक, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार से बताया।

# सिंघिया में आयोजित ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सिंघिया प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में आयोजित बहुप्रतीक्षित ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ समापन किया गया। फाइनल मुकाबला में विश्व मित्र इलेवन ने अपने प्रतिद्वंद्वी बिलासपुर को पराजित कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

**खास बात**

- विश्वमित्र इलेवन ने कप पर जमाया कब्जा

फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर की टीम ने निर्धारित ओवर में महज 96 रन ही बना स्की जबकि उसके जवाब में विश्व मित्र इलेवन की टीम ने 8 विकेट खोकर इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच को 2 विकेट से अपने नाम कर लिया। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टूर्नामेंट के अध्यक्ष नरेन्द्र मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संरक्षक धर्मनारायण तिवारी, अजय धनोंदिया,व अग्रवाल महिला मण्डल की सभी पदाधिकारि उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों के द्वारा विजेता टीम विश्व मित्र इलेवन को चमचमाती ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। उपविजेता बिलासपुर की टीम को भी स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैच में मैन आफ द मैच का पुरस्कार धीरज गुप्ता को व पूरे टूर्नामेंट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सिद्धार्थ दुबे को मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र मित्तल ने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाती हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। टूर्नामेंट के संरक्षक नगर निरीक्षक धर्मनारायन तिवारी ने बताया कि निश्चित ही जिस प्रकार से इस छोटे से जगह पर इतना बड़ा वो भी ड्यूज बाल का राज्य स्तर पर आयोजन किया जाना यह अपने आप मे एक बड़ा कार्य है। इस अवसर पर नरेंद्र साहू,लक्ष्मण डिक्सेना, सरपंच कीर्ति सिंह उइके, सरपंच सिंघिया मनोज टेकाम, जीत सिंह, भोपेन्द्र भूषण दास, प्राचार्य श्रीमति संगीता साओ कोच विशाल दुबे, आयोजन करता मनोज दुबे सहित नगरवासी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



विजेता टीम।

### यातायात पुलिस ने नियम पालन करने वालों को दिया गुलाब

**कोरबा।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शनिवार को टीपी नगर चौक पर यातायात ट्रैफिक थाना के समीप यातायात पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को प्रोत्साहित करते हुए यातायात पुलिस ने गुलाब का फूल भेंट किया। कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने पर सम्मानित किया गया, जिससे आमजन में यातायात नियमों के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचे। यातायात पुलिस की इस पहल का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई के बजाय प्रेरणा के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए जागरूक करना रहा। मौके पर मौजूद यातायात पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। एएसआई राठौर ने बताया कि कार चलाते समय सीट बेल्ट और मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का उपयोग जीवन रक्षक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों के अनुसार सिख समुदाय के लोगों को धार्मिक कारणों से हेलमेट पहनने में छूट का प्रावधान है।

# फ़ेडरेशन के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर व एसडीएम से की मुलाकात

**मड़वारानी।** छग कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन के पदाधिकारियों ने अपर कलेक्टर पटेल, एसडीएम कोरबा महिलांगे से मुलाकात की और समन्वित प्रयास से आकांक्षी जिला को विकास के कारवां को बढाएंगे जाने पर चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक जगदीश प्रसाद खरे के नेतृत्व में 10 सदस्यीय दल ने अधिकारी द्वय द्वारा आकांक्षी जिला कोरबा के समग्र विकास के कारवां को आगे ले जाने में संगठन के सभी साथियों का अपेक्षित सतत सहयोग दिए जाने को लेकर आश्वस्त किया। साथ ही केंद्र के समान डीए दिए जाने की घोषणा को संगठन के सभी साथियों के समन्वित प्रयासों का प्रतिफल बताया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के महासचिव ओमप्रकाश बघेल, छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संबित साहू, पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक सचिव परमानन्द राजवाड़े शामिल रहे।



TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकटमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुंह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




# 'स्पिरिट' की रिलीज तारीख का ऐलान..

**मुंबई।** सुपरस्टार प्रभास की हालिया रिलीज फिल्म 'द राजा साब' लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही। इस बीच, अभिनेता ने अपनी बहुप्रतिक्षित फिल्म 'स्पिरिट' से जुड़ी सबसे बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। सोशल मीडिया पर आधिकारिक ऐलान करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख का खुलासा किया गया है। संदीप रेड्डी वांगा में बन रही 'स्पिरिट' का पहला पोस्टर नए साल के पहले दिन जारी हुआ था। रिलीज का ऐलान होने से प्रशंसक डबल उत्साहित हो गए हैं। प्रभास की 'स्पिरिट' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है जिसका हिस्सा तृप्ति डिमरी और विवेक ओबेरॉय भी हैं।

## लाइफ Style

# मृणाल

## फरवरी में सात फेरे लेने का दावा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सुपरस्टार धनुष और मृणाल ठाकुर की कथित प्रेम-कहानी काफी समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों दुनिया की नजरों से छिपकर एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

नई जानकारी और चौंकाने वाली है, क्योंकि दावा है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक नाम देने की तैयारी में हैं। फरवरी में वैलेंटाइन डे के खास मौके पर मृणाल, 9 साल बड़े धनुष से शादी कर सकती हैं। मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 14 फरवरी यानी वेलेंटाइन डे को धनुष और मृणाल एक निजी समारोह में शादी की योजना बना रहे हैं। इस समारोह में सिर्फ दोनों सितारों का परिवार और करीबी रिश्तेदार शामिल होंगे। हालांकि, इन रिपोर्ट्स पर दोनों में से किसी ने भी आधिकारिक बयान नहीं दिया है और न कई दिनों से चल रहे अपने कथित रिश्ते की पुष्टि की है। इसलिए इन दावों में कितनी सच्चाई है, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

धनुष और मृणाल के डेटिंग की खबरों ने 'सन ऑफ सरदार 2' की स्क्रीनिंग के दौरान जोर पकड़ा था, जब दोनों सितारों को एक साथ कैमरे में कैद किया गया। इसके बाद, मृणाल के जन्मदिन पर धनुष को उनका हाथ थामे और मुस्कुराते हुए देखा गया। यही नहीं, धनुष और कृति सैनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप-अप पार्टी में मृणाल ने पहुंचकर लोगों को चौंका दिया। बस यहीं से दोनों के कथित रिश्ते के किस्से शुरू हो गए।



## हॉलीवुड मसाला



# ट्रंप के टैरिफ से सिनेमा में मचा हड़कंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पूर्व ही घोषणा की है कि अमेरिका के बाहर बनी सभी फिल्मों पर अब 100% तक का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि यह अहम कदम अमरीकी फिल्म उद्योग को फिर से मजबूत करना और 'मेड इन अमेरिका' नीति को आगे बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है। ट्रंप के इस कदम से न केवल हॉलीवुड बल्कि ग्लोबल सिनेमा में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल, ट्रंप का कहना है कि विदेशों में बनी फिल्मों ने अमरीका से फिल्म निर्माण का कार्य छीन लिया है, ठीक वैसे ही जैसे किसी बच्चे से उसकी कैंडी छीन ली हो।




# हॉलीवुड स्टार जॉन सीना भी हैं शाहरुख के दीवाने

**लॉस एंजिलस।** शाहरुख खान बॉलीवुड के ही नहीं बल्कि हॉलीवुड के दिलों के भी बादशाह हैं। ये तो सब जानते है कि शाहरुख खान के फैंस दुनियाभर के हर एक कोने में मौजूद हैं। लेकिन जब आप ये सुनेंगे कि एक हॉलीवुड स्टार भी बादशाह खान का फैन है तो आप जरुर हैरान होंगे। हम जिस हॉलीवुड स्टार की बात कर रहे हैं वो हैं जॉन सीना, जो किंग खान के कितने बड़े है ये उन्होंने हाल ही में साबित कर दिया है। यूं तो जॉन को कई दफा बॉलीवुड के बादशाह की तारीफ करते देखा जा चुका है लेकिन अब उन्होंने शाहरुख के लिए जो किया है वो देख आप देखते रह जाएंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन और हॉलीवुड एक्टर जॉन सीना का एक वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक कार्यक्रम में शाहरुख का गाना 'भोली सी सूरत' गाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



# जुनैद की 'एक दिन' से बॉलीवुड में डेब्यू

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी अगली फिल्म 'एक दिन' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का पोस्टर जारी करने के बाद निर्माताओं ने टीजर जारी कर दिया है जो लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म के जरिए साई बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के टीजर में जुनैद के साथ उनकी केमिस्ट्री शानदार नजर आ रही है। सुनील पांडे द्वारा निर्देशित 'एक दिन' रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है जो 1 मई, 2026 को रिलीज होगी। 'एक दिन' के टीजर की शुरुआत दोनों मुख्य कलाकारों से होती है जहां वह खुद को शीशे में निहार रहे हैं। जुनैद कहते हैं, 'तुम्हारी मुस्कुराहट मुझे बहुत अच्छी लगती है मीरा। तुम्हारा दिल जीतूंगा या नहीं ये नहीं पता'। इसके बाद दोनों की खूबसूरत प्रेम दिखती है, लेकिन जल्द उनका ये सपना टूट जाता है।



# 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' से टीवी पर वापसी

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार हर साल अपनी फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। इस बार वह टीवी पर भी यह जिम्मेदारी उठाते दिखेंगे क्योंकि उनका नया गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' आ रहा है। काफी समय से चर्चा बटोर रहा यह रियलिटी शो इसी महीने यानी, जनवरी में अपनी स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। निर्माताओं ने शो का प्रोमो और स्ट्रीमिंग तारीख जारी कर दी है। यह क्लासिक शब्द खेल हैंगमैन पर आधारित है। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रोमो के साथ कैप्शन दिया गया, 'किस्मत आपकी, पैसा चैनल का...और ढेर सारी मस्ती मेरी तरफ से।' अक्षय ने होस्ट की जिम्मेदारी संभाली है जो प्रतियोगियों को पुरस्कार राशि जीतने का मौका देंगे। यह शो 27 जनवरी से सोनी लिव और सोनी टीवी पर रात 9 बजे प्रसारित होगा।

## टीवी मसाला



# कसम से सीरियल की तीन बहनें अब कैसी दिखती हैं बानी, पिया और रानो

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड जगत की मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर के लोकप्रिय सीरियल 'कसम से' ने अपने रिलीज के 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर एकता कपूर ने यादों को ताजा किया जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि यह सीरियल 16 जनवरी 2006 को पहली बार जी टीवी पर प्रसारित किया गया था।

***तीन बहनों की थी कसम से की कहानी :*** टीवी सीरियल की कहानी तीन बहनों- बानी, पिया और रानो के ईर्द-गिर्द घूमती है, जिनके जीवन में जय वालिया के आने से कई बदलाव आते हैं और उनकी आपसी बॉन्डिंग व रिश्तों की कसौटी को दिखाया गया था। इसमें प्राची देसाई ने बानी का किरदार निभाया था, जबकि राम कपूर ने जय वालिया का किरदार निभाया था। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आई थी।

***ये अभिनेत्रियां बनीं थीं तीन बहनें :*** इस सीरियल में राम कपूर और प्राची देसाई (बानी) के अलावा, रोशनी चोपड़ा (पिया), अरुनिमा शर्मा (बानो) जया भट्टाचार्य, और अश्विनी कलसेकर (जिज्ञासा) जैसे कलाकार भी शामिल थे। यह सीरियल साल 2009 तक प्रसारित हुआ था। एकता कपूर ने इसे बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले रिलीज किया था।

***शो से बॉलीवुड पहुंचे बानी और राम:*** यह शो जी टीवी पर काफी सफल रहा और इसने मुख्य किरदार प्राची देसाई को अच्छी पहचान दिलाई थी, बल्कि राम कपूर को भी घर-घर में मशहूर किया था। इस शो के बाद राम कपूर 'बड़े अच्छे लगते हैं' और प्राची देसाई ने बॉलीवुड फिल्मों जैसे 'रॉक ऑन' से अपनी पहचान बनाई। वहीं राम कपूर ने कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बना ली है।

## तलाक के बाद माही विज ने छोड़ा सहर होने को है सीरियल

**नई दिल्ली।** टीवी की स्टार एक्ट्रेस माही विज एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में वह टीवी के पॉपुलर एक्टर और पूर्व पति जय भानुशाली संग तलाक की खबरों से खूब चर्चा में रही थीं। अब उनके चर्चा में आने की वजह है कि वह टीवी शो 'सहर होने को है' को बहुत जल्द छोड़ सकती हैं। इस बीच यह भी कहा जा रहा है कि वह एक नए रियलिटी शो में हिस्सा ले सकती हैं, जो बहुत जल्द ऑन एयर होने वाला है। माही का नाम इस शो से तब से जुड़ रहा है, जब से वह एंडेमोल के ऑफिस पर स्पॉट हुई हैं। फिलहाल एक्ट्रेस ने अपनी इस विजिट और नए शो में जाने की अटकलों पर चुप्पी साधी हुई है। वहीं, इस नए रियलिटी शो के मेकर्स और चैनल की तरफ से भी कोई बयान नहीं आया है। चलिए जानते हैं किस नए शो में माही विज एंट्री लेने जा रही है।



# 'हैप्पी पटेल' पड़ी 'राहु केतु' पर भारी बॉक्स ऑफिस पर वीर दास ने मारी बाजी

*मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर जब 2 कॉमेडी फिल्में आपस में टकराती हैं तो मुकाबला हमेशा दिलचस्प होता है। इस शुक्रवार आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी वीर दास अभिनीत 'हैप्पी पटेल' और वरुण शर्मा-पुलकित सम्राट की जोड़ी वाली 'राहु केतु' के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। हालांकि, वीर दास की अतरंगी कॉमेडी के आगे 'फुकरे' वाले वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट की फिल्म 'राहु केतु' बेअसर साबित हुई है।*

### 'राहु केतु' को पीछे छोड़ आगे निकली 'हैप्पी पटेल'

रिपोर्ट के मुताबिक, इस टक्कर में पहले दिन टिकट खिड़की पर 'हैप्पी पटेल' ने हल्की बढ़त बना ली है। इसने देशभर में करीब 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरी ओर 'राहु केतु' भी कमाई के मामले में पीछे नहीं रही और फिल्म ने पहले दिन लगभग 1 करोड़ रुपये जुटाए। हालांकि, दोनों फिल्मों की कमाई में ज्यादा बड़ा अंतर नहीं है, जिससे आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला और रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।



### क्या है 'हैप्पी पटेल' की कहानी?

आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी 'हैप्पी पटेल' अपनी अतरंगी कहानी और वीर दास की जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग की वजह से चर्चा में है। ये एक स्पाय-कॉमेडी फिल्म है। ये ऐसे शख्स की कहानी दिखाती है, जो गलती से जासूसी की दुनिया में फंस जाता है। इस फिल्म में शारिब हाशमी, मोना सिंह, मिलिथा पालकर और इमरान खान भी हैं, वहीं आमिर ने कैमियो किया है। खास बात है कि फिल्म का निर्देशन भी वीर दास ने ही किया है।

# 'मर्दानी 3' सेंसर बोर्ड से पास, शिवानी का अब तक का सबसे लंबा मिशन...

**मुंबई।** रानी मुखर्जी एक बार फिर 'शिवानी शिवाजी रॉय' के कड़क अंदाज में बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मर्दानी 3' ने सेंसर बोर्ड की बाधा पार कर ली है और इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट के साथ हरी झंडी मिल गई है। दिलचस्प बात है कि ये फिल्म न केवल अपने एक्शन और विषय के कारण चर्चा में है, बल्कि ये इस पूरी फ्रेंचाइजी की सबसे लंबी फिल्म भी बन गई है।

***बच्चे अकेले नहीं देख पाएंगे फिल्म :*** सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने 'मर्दानी 3' को देखने के बाद इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि 16 साल से कम उम्र के बच्चे इस फिल्म को अकेले नहीं देख पाएंगे। अगर वो ये फिल्म देखना चाहते हैं तो उन्हें माता-पिता या किसी बड़े के साथ ही सिनेमाघर जाना होगा। फिल्म में दिखाए जाने वाले डार्क विषय और गंभीर एक्शन को देखते हुए यह रेटिंग दी गई है।



### इतनी लंबी होगी 'मर्दानी 3'

'मर्दानी' सीरीज अपनी तेज रफ्तार और सटीक कहानी के लिए जानी जाती है, लेकिन इस बार दर्शकों को शिवानी शिवाजी रॉय को पहले से कहीं ज्यादा समय तक बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। 'मर्दानी 3' का कुल रनटाइम 2 घंटे, 10 मिनट और 36 सेकंड है, जिससे यह फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे लंबी फिल्म बन गई है। 'मर्दानी' का रनटाइम 1 घंटा 53 मिनट था, जबकि 'मर्दानी 2' की अवधि सिर्फ 1 घंटा 45 मिनट रही।

### सबसे बड़ा रनटाइम और सबसे पेचीदा मिशन

'मर्दानी 3' पहली फिल्म से लगभग 17 मिनट और दूसरी फिल्म से करीब 25 मिनट ज्यादा लंबी है। फिल्म का इतना लंबा रनटाइम ये संकेत देता है कि इस बार कहानी का दायरा बड़ा है और शिवानी शिवाजी रॉय का सामना जिस दुश्मन से है, वो काफी पेचीदा और खतरनाक होने वाला है। ये शिवानी शिवाजी रॉय का अब तक का सबसे लंबा मिशन होगा।

## इस साल इन फिल्मों का दर्शकों को है बेसब्री से इंतजार

# 'किंग' का राज और 'जन नायकन' की दहाड़

*मुंबई। तैयार हो जाइए, क्योंकि भारतीय सिनेमा में बड़ा धमाका होने वाला है। 2026 की शुरुआत के साथ ही आईएमडीबी यानी इंटरनेट मूवी डाटोबेस ने इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों की सूची जारी की है। एक तरफ शाहरुख खान का 'किंग' अवतार सिनेमाघरों में धमाल मचाने को तैयार है तो दूसरी तरफ थलापति विजय की आखिरी फिल्म की 'दहाड़' से पूरा बॉक्स ऑफिस थर्राने वाला है। आइए जानें इस साल दर्शकों को बॉलीवुड और साउथ की किन फिल्मों का इंतजार है।*



**'किंग':** आईएमडीबी की बहुप्रतिक्षित फिल्मों की सूची में 'किंग' पहले स्थान पर विराजमान है, जिससे ये साफ है कि शाहरुख का जादू आज भी दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। 'पठान' और 'जवान' के बाद प्रशंसकों को उनके एक और खतरनाक एक्शन अवतार का इंतजार है, जो इस फिल्म के साथ खत्म होने वाला है। फिल्म में शाहरुख एक गैंगस्टर के रोल में नजर आएंगे। इसके जरिए वो पहली बार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन साझा करते दिखेंगे।

**'रामायण':** 'किंग' के बाद जिस फिल्म ने सबसे ज्यादा हलचल मचाई है, वो है नितेश तिवारी की महागाथा 'रामायण पार्ट 1'। आईएमडीबी की सूची में इसे दूसरा स्थान मिलना यह दर्शाता है कि दर्शक भारतीय संस्कृति और आधुनिक सिनेमा के इस मिलन को देखने के लिए कितने उत्साहित हैं। रणबीर कपूर की 'रामायण' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मानी जा रहा है। साई पल्लवी इसके जरिए बॉलीवुड में कदम रख रही हैं।



**'जन नायकन और 'स्पिरिट':** सूची में तीसरे नंबर पर काबिज है थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन', जो उनकी आखिरी फिल्म है। इसके बाद विजय पूरी तरह राजनीति में कदम रखेंगे, जिसके कारण उनके लाखों फैंस इस फिल्म को ऐतिहासिक बनाने के लिए बेताब हैं। उधर चौथे स्थान पर अपनी जगह पक्की है प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' ने। फिल्म में प्रभास पुलिस अफसर के किरदार में दिखेंगे। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' वाले संदीप रेड्डी वांगा ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।




**'टॉक्सिक' और 'बैटल ऑफ गलवान':** 'केजीएफ 2' के बाद दर्शक जिस चेहरे को देखने के लिए तरस रहे थे, वो अब 'टॉक्सिक' के साथ लौट रहा है। आईएमडीबी की सूची में यश की इस फिल्म ने पांचवें पायदान पर कब्जा किया है। फिल्म में यश के साथ कियारा आडवाणी नयनतारा, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी भी हैं। छठे स्थान पर सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' है, जिसमें वो एक जांबाज आर्मी ऑफिसर के किरदार में देश के हीरो की कहानी पर्दे पर उतारेंगे।



***ये फिल्में भी हैं सूची में शामिल :*** सूची में 7वें स्थान पर आलिया भट्ट की अल्फा और 8वें नंबर पर रणवीर सिंह की सबसे बड़ी फिल्म 'धुरंधर' का सीक्वल 'धुरंधर 2' है। 9वें स्थान पर सनी देओल की 'बॉर्डर 2' है तो 10 नंबर पर तमिल फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' है।

## खबर संक्षेप

### निःसंतान जांच शिविर का 50 से अधिक महिलाओं ने उठाया लाभ



**बिर्रा।** शुक्ला हॉस्पिटल बिर्रा में आयोजित निःशुल्क निःसंतान जांच शिविर का 50 से अधिक महिलाओं ने लाभ उठाया। 18 जनवरी को मखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बिलासपुर के आईवीएफ विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क नि संतानता का जांच एवं उपचार किया गया जिसमे क्षेत्र के लगभग 50 से ज़्यादा नि संतान महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया। इसमें विशेष रूप से डॉ स्वाति भारद्वार, डॉ मनीषा सादेवा, डॉ शुभम शुक्ला, डॉ आकृति शुक्ला, डॉ प्रकाश देवांगन , अनुराग मिश्रा , एकता राय एवं हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। शुक्ला हॉस्पिटल के संचालक ईश्वर प्रसाद शुक्ला ने बताया कि अब से बिर्रा क्षेत्र के लोगों को किसी बड़ी बीमारियों एवं इलाज के लिए अब दूसरे बड़ी शहर जाने की कोई ज़रूरत नहीं क्योंकि अब से शुक्ला हॉस्पिटल में सभी प्रकार के गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

### चारपारा में सांसद ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत चारपारा में 17 जनवरी को उन्मुक्त क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जंगडे फीता काटकर किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत मालखरौदा के अध्यक्ष कवि शरण वर्मा, उपाध्यक्ष रितेश साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष रंजीत अजगल्ले जनपद सदस्य मनोज सक्सेना, खीकबाई कमलेश मनहर, बड़े सीपत के सरपंच श्रीमती रामीन तोरेन्द्र सोनवानी एवं चारपारा के सरपंच, उप सरपंच, पंचगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे।

### नगर कांग्रेस कमेटी के पुनः अध्यक्ष बने महेश्वर टंडन



**अकलतरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश एवं विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के द्वारा महेश्वर टंडन को एक बार फिर नगर कांग्रेस कमेटी का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर महेश्वर टंडन ने कहा कि कांग्रेस संगठन के द्वारा जिस विश्वास से मुझे नगर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है पार्टी की नीति-रीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़कर इस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। नियुक्ति के पश्चात महेश्वर टंडन के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर,चंद्रशेखर आजाद, लाल बहादुर शास्त्री एवं बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा,संतोष सिंह बैस ,भविष्य चंद्राकर , राजकुमार अग्रवाल, रविंद्र साहू,राजेश जैन, इरशाद बाबा, अंकित सिंह सिसोदिया, राजकुमार सिंह, दीक्षांत चंद्राकर ,अवनीश जैन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोल साइडिंग खोलने की अनुमति नहीं देने पार्षदों एवं नगरवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** नगर के अंधियारी पाठ वार्ड क्रमांक 18 एवं 19 में स्थित सीसीआई के रेलवे साइडिंग में कोल साइडिंग खोले जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान नहीं किए जाने को लेकर पार्षदों एवं नगर वासियों के द्वारा सीएमओ संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा गया है। वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद देवनारायण बरेठ एवं वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद कमलेश्वर दास वैष्णव ने बताया कि श्री बालाजी कंस्ट्रक्शन नामक फर्म की ओर से आशीष अग्रवाल के द्वारा नगर के अंधियारी पाठ स्थित रेलवे सीडिंग में कोल साइडिंग खोलना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग नगरपालिका से की गई है। प्रस्तावित कोल साइडिंग स्थल करीब ही शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक विधालय का संचालन होता है साथ ही यहां पर पेयजल टंकी, सामुदायिक भवन व धनी आबादी वाली बस्ती अवस्थित है। यहां कोल साइडिंग खुलने से विद्यार्थियों एवं वार्ड वासियों के जीवन एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

## निधन

### महेश विरानी



**चांपा।** स्थानीय सिंधी समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी डागा कालोनी निवासी महेश विरानी का शनिवार 17 जनवरी की रात्रि 11 बजे निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। स्व. विरानी अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्रों का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार रविवार 18 जनवरी को अपरान्ह 4.30 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

ट्रैफिक के भारी दबाव के चलते अधिकांश समय रहता है बंद

# नगर के बीचोबीच स्थित रेलवे क्रासिंग पार करना किसी सजा से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

नगर के बीचोबीच स्थित रेलवे क्रासिंग पार करना किसी सजा से कम नहीं है, क्योंकि ट्रैफिक के भारी दबाव के चलते अधिकांश समय फाटक बंद रहता है। इस दौरान फाटक के दोनों ओर छोटे बड़े वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है, जब फाटक खुलता है तो जल्दी निकलने की होड़ में अक्सर यहां जाम की स्थिति आए दिन निर्मित हो जाती है। जनता की इस परेशानी से रेलवे को कोई लेना देना नहीं है।

बाराद्वार से बड़ी कमाई करने के बाद भी रेलवे के इस तरह की उपेक्षा से क्षुब्ध लोगों ने अबकी बार कठोर निर्णय लेने का मन बना रहे है। नगर के बीचो बीच स्थित रेलवे फाटक को पार कर स्कूली बच्चों के अलावा आसपास के अनेक गांव तथा शहरों को आने जाने वालों को होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोग भी फाटक के दूसरी ओर बसे चार वार्डो तथा सरहर, दुरपा, झरना, कचंदा, नगरदा व इसीरास्ते चाम्पा आदि जगह आने जाने के लिये फाटक पार करते हैं और उधर के लोग भी इसी रास्ते से आना- जाना करते हैं, लेकिन ट्रेनों के बढ़ते दबाव और स्टेशन करीब होने के चलते कुछ समय के अंतराल में फाटक बंद हो जाता है। इधर सुबह से देर रात तक छोटे बड़े वाहनों की आवाजाही लगी रहती है और यहां पहुंचकर लोगों को फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। फाटक के दोनों ओर वाहनों की कतार सुबह से लगती है। सुबह पांच बजे से 12 बजे तक पैसेंजर, जन शताब्दी , साउथ बिहार, हावड़ा मुम्बई मेल, टिटलागढ़ पैसेंजर, रायगढ़ - बिलासपुर, लोकल तथा अहमदाबाद सहित कई ट्रेनें हैं। रोज सुबह एक बार फाटक बंद होने के बाद इस अवधि में लंबे समय तक नही खुलता। गंतव्य तक पहुंचने से पहले बंद फाटक देखकर लोग निराश हो जाते हैं। रोज फाटक बंद होने के बाद 10 से 20 मिनट तक नहीं खुलता। इस दौरान फाटक के दोनों ओर छोटे बड़े वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है, जब फाटक खुलता है तो जल्दी निकलने की होड़ में अक्सर यहां जाम की स्थिति आए दिन निर्मित हो जाती है। उल्लेखनीय है कि जन प्रतिनिधि अब भी इसे लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा लगता है जनता से जुड़ी इस मांग से उनका कोई वास्ता ही नही है।





फाटक खुलने के दौरान निकलते वाहन चालक।

# छात्राओं ने सीखे व्यापारिक कौशल रिटेल ट्रेड की मिली व्यावहारिक समझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान एवं अपग्रेड एजुकेशन प्रणाली के सहयोग से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अकलतरा में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं को व्यावसायिक पाठ्यक्रम 'रिटेल ट्रेड' का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में छात्राओं को वास्तविक कार्य परिवेश से परिचित कराने के उद्देश्य से एक व्यावसायिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

**खास बात**
- औद्योगिक भ्रमण में 58 छात्राओं ने निभाई सहभागिता

विद्यालय के प्राचार्य हरीश कुमार चौहान के मार्गदर्शन तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक संदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के दौरान छात्राओं ने नगर के गुप्ता फर्नीचर मार्ट सहित विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों का अवलोकन किया जहां उन्हें स्टोर संचालन, मैनेजमेंट, बिलिंग प्रणाली, स्वाइप मशीन के उपयोग तथा ग्राहक व्यवहार जैसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी दी गई। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सभी गतिविधियों को समझा और जिज्ञासावश अनेक प्रश्न पूछकर अपने ज्ञान में वृद्धि की। संस्थानों के संचालकों ने रिटेल ट्रेड पाठ्यक्रम को छात्राओं के सुनहरे भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए उन्हें निरंतर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस औद्योगिक भ्रमण में कुल 58 छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के शिक्षक रविंद्र सिंह बैस ने सभी व्यावसायिक संस्थानों के संचालकों के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्राओं के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के भ्रमण को महत्वपूर्ण बताया। यह व्यावसायिक भ्रमण छात्राओं के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें स्वावलंबन और रोजगारोन्मुख शिक्षा की दिशा में प्रेरित करने वाला भी सिद्ध हुआ।

## राधा कृष्ण मंदिर में मां शांति लक्ष्मी का महामंगल पाठ का हुआ आयोजन



**सक्ती।** नगर के प्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर में 16 जनवरी को श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मां शांति लक्ष्मी का भव्य महा मंगल पाठ आयोजित किया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर हो गया। महा मंगल पाठ के दौरान विधिवत पूजन-अर्चन, मंत्रोच्चार एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। मां शांति लक्ष्मी की आराधना में श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। भक्तों की सामूहिक सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रभावशाली रहा। महा मंगल पाठ के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था सुचारु एवं अनुशासित रही, जिससे सभी श्रद्धालुओं को सहज रूप से प्रसाद प्राप्त हुआ।इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में मीनू अग्रवाल, ममता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मीनू अग्रवाल सहित दादी भक्तों ने विशेष रूप से सराहनीय भूमिका निभाई। सभी ने सेवा भाव से आयोजन की व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

## प्राकृतिक खेती का मॉडल देखने पहुंचे रायगढ़ जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

कृषि विज्ञान केंद्र के गोदग्राम बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल का अडानी फाउंडेशन तमनार ने रायगढ़ जिले के 55 प्रगतिशील किसानों को भ्रमण कराया, जहां किसानों ने प्राकृतिक खेती के मॉडल

- अडानी फाउंडेशन तमनार ने 55 प्रगतिशील किसानों को कराया भ्रमण

देखा और खूब प्रभावित हुए.अडानी फाउंडेशन के कार्तिकेश्वर मालाकार और दिब्यानी लहरे ने बताया कि रायगढ़ जिले के 19 गांव के 55 प्रगतिशील किसानों को बहेराडीह के वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल का भ्रमण कराया गया, जहां पर प्राकृतिक खेती के मॉडल देखकर किसान खूब प्रभावित हुए। इसके साथ ही किसान स्कूल परिसर में विकसित समन्वित कृषि प्रणाली का किसानों ने बारीकी से अध्ययन किया.वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने किसानों को पुरानी विलुप्त चीजों का संग्रहालय समेत केले के रेशे से निकाले जाने वाले रेशपेडर मशीन, बड़ी बनाने का ड्रायर मशीन, जैविक पद्धति से ऊगाई गई 6 फिट ऊंचाई की धनिया, छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों के मॉडल के साथ ही 65 भाजियों की जानकारी, घर की छत पर बागवानी, डेयरी, गोमूत्र इकाई, गोबर गैस सयंत्र, अंजोला इकाई, नाडेप इकाई, केंचुआ पालन इकाई, केंचुआ खाद बनाने की इकाई, सब्जी उगाने की चार मंजिला पद्धति अक्षय चक्र कृषि मॉडल, कृषि अवशेष से रेशा निकालकर बनाई गई रंग बिरंगी राखियां और कपड़ा बनाने की तकनीकों को न सिर्फ दिखाया, बल्कि उनकी खूबियों के बारे में एक-एक बिंदुवार जानकारी दी।



भ्रमण पर पहुंचे रायगढ़ जिले के किसानों को जानकारी देते संचालक दीनदयाल यादव।

### पहली बार देखा भाजियों के रेशे से निर्मित कपड़ा

भ्रमण में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह पहुंचे रायगढ़ जिले के प्रगतिशील किसानों ने कहा कि हमने तो यहां पर आकर पहली बार छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों और अन्य भाजियो का इतना बड़ा संग्रह के साथ ही चेच भाजी, अमारी भाजी के डंठल के रेशो से निर्मित रंग बिरंगी राखियां, कपड़ा पहली बार देखा। इसके साथ ही अलसी, केला, भिंडी और कमल के डंठल के रेशे से किसान स्कूल के नवाचारी कृषक रामाधार देवांगन, दीनदयाल यादव, पार्वती देवांगन, रेवती यादव, पुष्पा यादव की टीम द्वारा कृषि क्षेत्र में किए गए नवाचार की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### मकर संक्रांति के अवसर पर लायंस क्लब ने किया अन्नदान

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा पिछले दिनों मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में नगर के डोंगाघाट मार्ग से लेकर हनुमान मंदिर तक जरूरतमंदों को 50 किलो चांवल का विवरण किया गया। क्लब के इस अन्नदान कार्यक्रम से सैकड़ां की संख्या में जरूरतमंद लाभान्वित हुए। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि मकर संक्रांति अन्नदान का पर्व कहा जाता है। इसी परंपरा को ध्यान में रखते हुए क्लब द्वारा पर्व के अवसर पर डोंगाघाट मार्ग से लेकर हनुमान मंदिर तक जरूरतमंदों को चांवल का वितरण किया जा रहा है। अन्नदान के कार्य में क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी के अलावा लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, क्लब सर्विस चेयरमेन लायन विनोद अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल, लायन नंदकुमार देवांगन एवं लायन डॉ. जी. पी. दुबे ने भी सहयोग प्रदान किया।



# कलेक्टर ने किया अवकाश कैलेंडर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती के तत्वाधान में नव वर्ष 2026 के लिए शासकीय अवकाश कैलेंडर प्रकाशित कराया गया है जिसका कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने 16 जनवरी को कार्यालय कलेक्टर परिसर मे समय 12:30 बजे विमोचन किया। सर्वप्रथम फेडरेशन की ओर से गुलदस्ता और मिठाई खिलाकर अधिकारी कर्मचारियों का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर एडीएम वीरेंद्र लकड़ा उपस्थित रहे। इसी तरह कार्यालय जिला पंचायत जिला शक्ति में सीईओ आईएएस वासु जैन एवं लेखा अधिकारी श्रीमती माधुरी भारद्वाज तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे आईपीएस पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने कैलेंडर का विमोचन किये ,जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू ,शक्ति तहसील संयोजक मनोज राठौर, व्याख्याता एवं प्राचार्य संघ के जिला अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, मालखरौदा तहसील संयोजक विकास चौबे, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खूंटे, महासचिव डॉक्टर रजनी पटेल, फेडरेशन के जिला कार्यकारिणी सदस्य यशवंत चौधरी, के आर आदित्य, क्रांतिकारी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विजय खूंटे ,वरिष्ठ सदस्य बी एस बनाफर ,श्याम कुमार सोने ,शंभू सिंह खूंटे ,वेद प्रकाश जायसवाल ,सिकंदर खूंटे, रमेश देवांगन, अशोक राठौर, संजीव साहू, लोकेश्वर बघेल ,देव भारद्वाज ,राजेश कुमार मनहर, गूगल लाल रात्रे, तीज राम खूंटे, कैलाश कुर्रे, जय किशन उरांव आदि फेडरेशन के साथी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।



कैलेण्डर का विमोचन करते अतिथि।

## लायंस क्लब ने किया नवजात शिशुओं को हिमालया किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा नगर के हेमिनबाई रामनारायण राठौर मेमोरियल नर्सिंग होम में नवजात शिशुओं को हिमालया किट का वितरण किया गया। क्लब के इस सेवा कार्य से 34 जच्चा-बच्चा लाभान्वित हुए।

इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने कहा कि क्लब द्वारा समय-समय पर अनेक सेवा कार्य संपादित किये जाते है, जिनमें से कुछ कार्य ऐसे होते है जिन्हें पूर्ण कर उन्हें आत्मिक सुख मिलता है। ऐसा ही कार्य है नवजात शिशुओं को हिमालया किट का वितरण। इससे नवजात शिशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। इस दौरान कुल 34 जच्चा-बच्चा को हिमालया किट वितरित किया गया।

इस मौके पर लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल, कोशाध्यक्ष लायन वासुदेव सोनी, लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन, वाईस चेयरमेन लायन डॉ. काशी प्रसाद राठौर, लायन डॉ. जी. पी. दुबे, सहित लायंस स्कूल के मुख्य लिपिक पूरन लाल बरेठ मौजूद थे।



हिमालया किट का वितरण करते लायन पदाधिकारी

# खेल जीवन का अभिन्न अंग, निरंतर करें परिश्रम : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में थीम ''द्रोण'' पर आधारित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

- लायंस इंग्लिश स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

''द्रोण 2025-26'' का समापन शनिवार 10 जनवरी को विद्यालय परिसर में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों के आगमन के साथ ही उनके मंचासीन होने से हुआ। इसके पश्चात सभी अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर उनकी पूजा-अर्चना की। इसके बाद मुख्य अतिथि के अलावा अन्य विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक स्वागत पुशपगुच्छ भेंटकर किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने अपने स्वागत भाषण में मंचस्थ अतिथियों का अभिनंदन करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहें प्रयासों की जानकारी दी। स्पर्धा का प्रमुख आकर्षण बालक वर्ग का अंतिम खो-खो मुकाबला रहा जो मुख्य अतिथि सहित अन्य मंचासीन अतिथियों की उपस्थिति में खेला गया जिसे दर्शकों से भी भरपूर उत्साह मिला। इसके बाद विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गए। समारोह को संबोधित करते हुए लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने खेल भावना, अनुशासन तथा टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डाला। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने विजेताओं को बधाई देते हुए सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रदान की। समारोह के मुख्य अतिथि लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शारीरिक सुदृढ़ता, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम का महत्व बताते हुए खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने स्कूल की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ''द्रोण 2025-26'' के समापन की औपचारिक घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में ध्वज अवरोहण के साथ ही हाउस फ्लैग प्राचार्य को सौंपे गए। इसके बाद मुख्य अतिथि, स्कूल चेयरमेन तथा क्लब अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह का समापन क्लब अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में किया गया।



समापन अवसर पर मौजूद लायन पदाधिकारी व विद्यार्थी

